Title: Demand for Construction of ROB and Underpass at Saharsa.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (मधेपुरा) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मधेपुरा में रेलवे के अंतर्गत सहरसा जंक्शन से बैद्यनाथपुर रेल खंड के बीच संपार संख्या 105 है, जो सहरसा शहर के बीच में अवस्थित है, वहां आरओबी न होने की वजह से सतत् जाम की समस्या बनी रहती है।

घंटों तक जाम के रहने के कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। खासकर स्कूली बच्चे, बीमार लोग और न्यायालय जाने वाले लोगों को भारी कठिनाइयां होती हैं। अत: जनहित में मैं वीआईपी रोड और हटिया गाछी के बीच समपार संख्या 105 पर आरओबी निर्माण करवाने की मांग माननीय रेल मंत्री जी से करता हूँ।